हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 बिना डिग्री कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर बन 3 साल से देख...



07 एसडीओ, ईई, शाला प्रभारी और शिक्षिका पर निलंबन...



## खबर संक्षेप

### शिवम यादव का चयन रैंक 15 के साथ हुआ



**सागर।** जिला सागर की बंडा तहसील के निवासी शिवम यादव का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान) परीक्षा में रैंक 15 के साथ हुआ है। शिवम यादव पूर्व में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश शासन में सहायक औषधि विश्लेषक के पद पर कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में संदीपनी विद्यालय, बंडा में उच्च माध्यमिक शिक्षक (रासायनिक विज्ञान) के पद पर कार्य कर रहे हैं। वे अपनी इस सफलता के लिए ईश्वर की कृपा एवं अपने माता-पिता सविता यादव एवं मुरत प्रसाद यादव व अपनी बहन वीणा यादव के आशीर्वाद और सहयोग को देते हैं।

### कुलपति एवं कुलसचिव ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में एनईपी सीबीसीएस की सेमेस्टर परीक्षाएं जारी हैं । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वाय एस ठाकुर ने आचार्य शंकर भवन, कणाद भवन में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का भ्रमण किया । उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य परीक्षा समन्वयक प्रो. रणवीर कुमार एवं केन्द्र के परीक्षा अधीक्षक मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक डॉ.सत्य प्रकाश उपाध्याय एवं उपकुलसचिव (परीक्षा) सतीश कुमार ने भी विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय में बनाये गये केन्द्रों के साथ-साथ संबंधित महाविद्यालयों में भी समय सारिणी के अनुसार परीक्षाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं ।

### कृषि विस्तार अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** कृषि विज्ञान केंद्र सागर-।।, देवरी द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2025 को रहली, देवरी, केसली, जैसीनगर, राहतगढ़ के कृषि विस्तार अधिकारियों हेतु रवि फसलों में पौध संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे डॉ आशीष त्रिपाठी द्वारा रवि फसलों में लगने वाले कीड़े और बीमारियों की पहचान उनके नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने रासायनिक नियंत्रण से पूर्व जैविक एवं भौतिक नियंत्रण अपने जाने पर जोर दिया तथा एक बार में एक रसायन के छिड़काव के बारे में तथा विभिन्न रसायनों की पूर्व मिश्रित फंफूनाशी एवं कीटनाशियों के उपयोग की जानकारी दी । प्राकृतिक कृषि घनजीबामृत व तीन से चार बार जीवामृत के उपयोग, मल्चिंग एवं फसल संरक्षण की जानकारी दी ।

## एसआईआर में सक्रिय सहभागिता को लेकर खुरई विस क्षेत्र की भाजपा कोर समितियों की बैठक हुई

# समितियां मतदाता सूची में शामिल अनुपस्थित तथा दिवंगत हो चुके मतदाताओं के गलत नामों के विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी कोर समिति संयोजक व सदस्य अपने क्षेत्र में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य (एस.आई.आर) में सक्रिय सहयोग करें। यह निर्देश पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर कार्यालय में आयोजित खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडलों की कोर समिति की बैठक में दिए हैं। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बैठक में कहा कि क्षेत्र के सभी 6 भाजपा मंडलों की कोर समितियां मतदाता सूची में शामिल अनुपस्थित, बाहर शिफ्ट अर्थात स्थानांतरित हो चके तथा दिवंगत हो चुके मतदाताओं के गलत नामों के विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पूर्व भाजपा के बीएलए-2 के पास अनुपस्थित, स्थानांतरित तथा मृत मतदाताओं की सूची आएगी। सभी इस सूची का अध्ययन करें और तदानुसार आवश्यकता पड़ने पर आपत्तियां दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि



मालथौन व बांदरी निवासी लौहगढ़िया समुदाय के घुमंतु मतदाताओं को वापस आकर फार्म भरने के लिए सूचित व प्रेरित करें क्योंकि मतदाता सूची बहुत आवश्यक दस्तावेज है जिसमें उनका नाम शामिल रहे।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी कोर समिति सदस्यों से कहा कि शहरी आवासीय पट्टे वितरण के लिए पात्रता सर्वे का कार्य चल रहा है। अपने क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों के आवेदन अंतिम तिथि के पूर्व जमा कराएं तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारियों से समन्वय कर आवेदकों को आवश्यक सहयोग करें। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र आवेदक आवासीय पट्टे से वंचित नहीं रहे।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बैठक में कहा कि कोर समितियां माह में दो बैठकें अनिवार्य रूप से करें। क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों तथा सरकार के योजना गत कार्यों जैसे स्कूल, कालेज, अस्पताल, आंगनबाड़ी, राशन दूकान, मध्यान्ह भोजन की मानीटरिंग करें और आवश्यकता पड़ने पर कोर समिति के एजेंडे में शामिल करें। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सभी सदस्यों को जानकारी दी कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और कथा आयोजन आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी का भव्य आयोजन होना है जिसके आमंत्रण पत्र क्षेत्र के सभी परिवारों के पास प्रत्यक्ष संपर्क कर देना है और आमंत्रित करना है। इस धार्मिक कार्य में सभी को प्राथमिकता से करना है। उन्होंने कहा कि आमंत्रण पत्र भेंट करने की फोटो सोशल मीडिया पर भी शेयर करें। बैठक में सभी संयोजकों व सदस्यों ने अपने क्षेत्र के विषयों पर चर्चा की।



## स्मार्ट मीटर नहीं लगा तो काट दी यूनियन बैंक की बिजली, 3 घंटे रही अफरा-तफरी

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां यूनियन बैंक की बिजली केवल इसलिए काट दी गई क्योंकि बैंक प्रबंधन ने स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सहमति नहीं दी। अचानक बिजली कटने से बैंक स्टाफ ही नहीं, बल्कि काम लेकर आए उपभोक्ता भी घंटों तक परेशान होते रहे। गढ़ाकोटा स्थित यूनियन बैंक में गुरुवार शाम बिजली विभाग की टीम पहुंची। टीम ने बैंक से स्मार्ट मीटर लगाने की बात कही, लेकिन बैंक प्रभारी मैनेजर ने बताया कि ब्रांच मैनेजर मौजूद नहीं हैं, इसलिए निर्देश मिलने के बाद ही मीटर लगाया जा सकेगा। लेकिन इस बातचीत के कुछ ही देर बाद बिजली विभाग ने बिना किसी अतिरिक्त सूचना के बैंक की लाइट काट दी। शुक्रवार सुबह जब बैंक खुला तो बिजली गुल होने के कारण स्टाफ कामकाज नहीं कर पाया। डिजिटल सिस्टम से लेकर कैश काउंटर तक सब ठप पड़ा रहा। उपभोक्ता फीस जमा कराने, पैसे निकालने और लेन-देन के लिए पहुंचेलेकिन लगभग दो से तीन घंटे परेशानी का सामना करना पड़ा। मैनेजर बैंक प्रभारी नवीन गुप्ता ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पिछली शाम धमकी दी थी कि स्मार्ट मीटर नहीं लगाओगे तो लाइट काट देंगेर और कुछ ही देर बाद वाकई बिजली काट दी गई। जब इस संबंध में गढ़ाकोटा विद्युत मंडल के जे.ई. ओपी अग्रवाल से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार स्मार्ट मीटर लगाने में उपभोक्ता की सहमति आवश्यक नहीं है। उन्होंने इसे नियमों के तहत की गई कार्रवाई बताया। इस पूरे मामले में बैंक कर्मचारी और उपभोक्ता दोनों ही बेवजह परेशान हुए। जहां बैंक का कामकाज ठप रहा,वहीं लोग घंटों लाइट के इंतजार में खड़े होकर केवल लाइट आने का इंतज़ार करते दिखाई दिए।



## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि तिवारी ने किया निरीक्षण

**गढाकोटा।** नगर के दशहरा मैदान एवं मछली मार्केट पहुंचकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने वहां व्यापार कर रहे स्थानीय दुकानदारों से सार्थक बातचीत हुई ।जिसके फलस्वरूप दुकानदारों भाईयों ने अपने प्रतिष्ठान एवं परिसर में स्वच्छता रखने की जिम्मेदारी ली । साथ ही दशहरा मैदान को ओर अधिक व्यवस्थित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सफाई विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को यथायोग्य निर्देश दिए कि दुकानदार भाई अपने प्रतिष्ठान से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों को कचड़ा दान में डालेगे, जिसको न. पा. पालिका की कचड़ा गाड़ी सुविधा से उचित स्थान पर डाला जाए जिससे नगर में स्वच्छता बनी रहे।

## नगर निगम आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु विभागवार समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त नागरिक शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने हेतु नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण हो सके।

निगमायुक्त ने भवन-भूमि, लोककर्म, प्रकाश, राजस्व, जल प्रदाय, स्वास्थ्य, बाजार जन्म-मृत्यु, पेंशन, योजना, नामांतरण तथा स्थापना शाखा सहित विभिन्न विभागों की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः अधिकारी एवं कर्मचारी शिकायतों की स्थिति पर सतत निगरानी रखें तथा प्रत्येक शिकायत का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाए। संबंधित अधिकारी शिकायत कर्ता से सीधे संवाद स्थापित कर समस्या की वास्तविक स्थिति समझें एवं समाधान के पश्चात शिकायत कर्ता की सहमति एवं संतुष्टि प्राप्त होने के बाद ही शिकायत को बंद करने करवाएं।

निगमायुक्त ने लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा आवश्यक होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में सभी विभागीय अधिकारी, शाखा प्रभारी, इंजीनियर एवं संबंधित शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आज पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजनों से भेंट करेंगे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल



**सागर।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिला प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल शनिवार को सागर प्रवास पर रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिला प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल के सागर आगमन पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता एवं जनप्रतिनिधि प्रातः 10:30 बजे मोतीनगर चौराहे पर बुंदेली परम्परा से भव्य स्वागत करेंगे प्रातः 11:00 बजे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं व आम जनों से भेंट कर संवाद करेंगे।

## पंचायत चुनाव में मतदाता पर्ची का महत्त्व बताते हुए पंचायत निर्वाचन 2025 हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण संपन्न




**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत की मार्गदर्शन में निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से, मतदान दलों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य मतदान प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर मतदान कर्मियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना था। जिला मास्टर ट्रेनर डा अमर कुमार जैन ने बताया कि जिले में 2 जनपद सदस्य, 3 सरपंच एवं 14 पंच पद हेतु 26 मतदान केंद्रों पर चुनावी प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता भी लागू हुई है। मास्टर ट्रेनर डा सर्वेश्वर उपाध्याय ने प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओ में मतदान प्रक्रिया में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतपेटियों के सही उपयोग का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दिवस की प्रक्रिया मॉक पोल आयोजित करने से लेकर, वास्तविक मतदान शुरू करने, मतदाताओं की पहचान, मत देने का क्रम और मतदान समाप्त होने के बाद की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं पर गहन जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर मनीष सक्सेना ने मतदान केंद्र पर रखे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों और अभिलेखों को सही तरीके से भरने, तथा चुनाव संबंधी संवेदी सामग्री के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। मतदान दलों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रोटोकॉल के बारे में भी बताया गया। मास्टर ट्रेनर आनंद मंगल बोहरे ने प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान कर्मियों को संबोधित किया और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ बताते हुए, अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करने की शपथ दिलाई।

## नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के बकाया संपत्तिकर और जलकर के अधिभार दी जाएगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासन द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को आयोजित की जा रही नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के बकाया संपत्तिकर और जलकर, उपभोक्ता प्रभार के करों के अधिभार में मात्र एक दिन विशेष छूट प्रदान की जा रही है। संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादार उपभोक्ता अपने करों की राशि नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं ।

### इस प्रकार रहेगी अधिभार में छूट

संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100% तक की छूट ।संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 50% तक की छूट। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए एक लाख से अधिक बकाया है, पर मात्र अधिभार में 25% तक की छूट दी जाएगी। जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें कर/ उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100% की छूट। जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें कर/ उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार से अधिक तथा पचास हजार तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 75% तक की छूट। जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें कर/ उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार से अधिक बकाया है, पर अधिभार में 50% की छूट दी जा रही है, और यह छूट मात्र एक दिन ही दी जाएगी ।




## प्रो. दिवाकर शुक्ला को सांख्यिकी में योगदान हेतु लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं वैदिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर शुक्ला को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके लंबे शैक्षणिक एवं शोध सफर की साक्षी है। जिसमें उन्होंने सांख्यिकी एवं गणित के क्षेत्र में शैक्षणिक योगदान दिया है । प्रो. दिवाकर शुक्ला के 35 वर्षों से अधिक के शैक्षणिक जीवन में 180 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

### ईको सेंसिटिव जोन मॉनीटरिंग समिति की बैठक

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी की अध्यक्षता में गठित पन्ना राष्ट्रीय उद्यान एवं गंगऊ अभ्यारण्य के ईको सेंसिटिव जोन मॉनीटरिंग समिति की बैठक का आयोजन 12.12.2025 को कर्णावती व्याख्या केन्द्र मड़ला जिला पन्ना में की गई।

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/3284/2024
Process Id: 251146/2025
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
SUNIL, प्रत्यर्थी
सन् 2020 के MACC क्रमांक-324 सन् 2020 में न्यायालय Member, 2nd Addl. MACT SHRI SHIV BALAK SAHU, SAGAR (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 26-09-2023 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
Leela @ Asharani W/o Radheylal Gupta, Resident Of Somnathpuram Police Station Motinagar, District- Sagar, Madhya Pradesh
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 13/01/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 13/01/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें ।सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 )कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 13/01/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

## कॉलोनी में बिजली का बिल भरने के लिए एक माह का समय दिया जाए

# बाघराज कॉलोनी की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



वाघराज कॉलोनी की समस्याओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव व कांग्रेस पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव के नेतृत्व में वहां पर निवास करने वाले आम जनता की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया। वहां पर रहने वाली आम जनता बहुत ही गुस्से में थी और वह नगर निगम प्रशासन व सरकार के खिलाफ अपना रोस व्याप्त कर रही थी । नारेबाजी करते हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

विगत दिनों वाघराज कॉलोनी में निवास करने वाले आम जनता की लाइट काट कर नगर निगम प्रशासन ने भय का वातावरण पैदा किया इसके विरोध में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कॉलोनी में बिजली का बिल भरने के लिए एक माह का समय दिया जाए बिजली बिल का भुगतान चार चरणों में किया जाए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा विद्युत विभाग व नगर निगम को यहां पर समस्या निवारण शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करना चाहिए। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है इन व्यवस्थाओं को नगर निगम प्रशासन को शीघ्र ही समाधान करना चाहिए।

अमित राम जी दुबे ने कहा यहां पर आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है जिससे आए दिन मारपीट की घटनाएं सामने आती हैं पुलिस चौकी का होना यहां आवश्यक है। ज्ञापन का वाचन करते हुए नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा गलत तरीके से बिजली के बिल के बहाने लोगों को परेशान किया जा रहा है हम इस मुद्दे को नगर निगम परिषद में ले जाएंगे।ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा गया अगर कॉलोनी के लोगों को गलत तरीके से परेशान किया जाता है तो जिला कांग्रेस कमेटी व कॉलोनी के लोग मिलकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में पार्षद शिव शंकर गुड्डू यादव, रोशनी वसीम खान, नीलोफर चमन अंसारी, ताहिर खान, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रेखा सोनी, धर्मेंद्र चौधरी, आनंद हेला, महेश आदि रहे मौजूद।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### रुपयों के लेन-देन में कुल्हाड़ी से हमला

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रजावन में रहने वाले शिवनारायण पुत्र ईश्वरदास शुक्ला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपने पुत्र के साथ घर पर था। तभी गांव के पवन दुबे, अंकित दुबे व सुरेन्द्र दुबे पुत्रगण ओमप्रकाश दुबे आये और उसके पुत्र विष्णु शुक्ला से पुराने रुपयों के लेन-देन को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने विष्णु के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावर पवन दुबे ने हाथ में लिये कुल्हाड़ी से विष्णु पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी उंगली कट गयी। शोरगुल सुनकर वह परिजनों साथ मौके पर पहुंचा और पुत्र को बचाया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत से विद्युत तार हटाने को लेकर हमला

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम सुनौरी अंतर्गत मजरा खैरो में रहने वाले कृपाल अहिरवार पुत्र डरऊ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बुधवार को सुबह 9.30 बजे वह अपने खेत पर था, जहां बिजली का तार हटाने के विवाद को लेकर गांव के बृजलाल अहिरवार पुत्र श्यामा, रूक्मन पत्नी बृजलाल, आकाश पुत्र बृजलाल अहिरवार एकराय होकर आये और उसे व उसकी पत्नी लक्ष्मी, मां हरगू के साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गये और उक्त लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से राहगीर घायल

**ललितपुर।** थाना मड़वरा के ग्राम हंसरी निवासी हरीराम पुत्र आशाराम अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपनी पत्नी मीना के साथ मड़ावरा से ग्राम हंसरी घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार मोटर साइकिल पल्सर नम्बर यू.पी. 94 ए.एल. 2875 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि पल्सर को थाना गिरार के ग्राम कारीटोरन निवासी भगवानदास लोधी चला रहा था। दुर्घटना के बाद मोटर साइकिल भगतसिंह पुत्र दद्दू लोधी के मकान हंसरी तिराहा पर रखवा दी और भगवानदास लोधी उसे 108 एम्ब्युलेंस के जरिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसका उपचार चल रहा है।

#### जिलाधिकारी और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने बैठाई जांच

# बिना डिग्री कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर बन 3 साल से देख रहा था मरीज

### फर्जी डॉक्टर को जानकारी होते ही ऑनलाइन इस्तीफा देकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति को लेकर सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजीव गुप्ता विगत 3 वर्षों से अस्पताल में मरीज का उपचार कर रहे थे डॉ राजीव गुप्ता की बहन ने आकर जिलाधिकारी ललितपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया जिसमें आरोप लगाया कि उसका भाई अभिनव सिंह एक इंजीनियर है मेरे पति की डिग्री डिग्री पर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजिस्ट के पद पर सरकारी नौकरी कर रहा है वह व्यक्ति मेरे पति डॉ राजीव गुप्ता की मेडिकल डिग्री के लेकर नौकरी कर रहा है जो पैसे से इंजीनियर है और फर्जी डॉक्टर बनकर मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है डॉक्टर सोनाली ने शिकायती पत्र में बताया हुआ है उसका पति और बाय स्वयं और वह स्वयं स्वयं भी प्रैक्टिस करती हैं मेरे भाई ने मेरे पति की डिग्री का दुरुपयोग करते हुए नौकरी प्राप्त कर ली है जानकारी होने पर मैं स्वयं उपस्थित होकर स्वयं उपस्थित होकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ जानकारी शासन को दे रही है जिससे मेडिकल कॉलेज के में आने वाले मैरिज मरीज को फर्जी डॉक्टर से सुरक्षित किया जा सके बचाए जा सके जैसे ही डॉक्टर सोनाली के ललितपुर आगमन की जानकारी अभिनव सिंह को हुई उसने तत्काल ऑनलाइन इस्तीफा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक शुक्ला को भेजा और अस्पताल से फरार हो गया डॉक्टर शुक्ला ने तत्काल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया फोन स्विच ऑफ बता रहा था।

### मरीजों के साथ जीवन से खिलवाड़ किया

फर्जी डॉक्टर ने अभिनव सिंह ने 3 वर्ष में जहां सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया वही सहस्त्र मरीजों के साथ जीवन से खिलवाड़ करता रहा कई परिवारों के मरीजो को फर्जी डॉक्टर ने मौत के मुंह में भी पहुंचाया होगा जो जांच का विषय है। मेडिकल विभाग में नियुक्ति से लेकर आज तक की इस घोर लापरवाही के तार मेडिकल कॉलेज में जमे हुए बड़े सिंडिकेट माफियाओं की ओर इशारा कर रहा है अब यह भी प्रश्न उठता है अभिनव सिंह जैसी मेडिकल कॉलेज के अन्य विभागों में भी सिंडिकेट माफियाओं का प्रभाव नियुक्तियों में और देखने को मिल सकता है जांच का विषय है। मुख्यालय की स्वास्थ्य सेवाये भगवान भरोसे चल रही है मेडीकल कालेज बनने के बाद भी यहां से मरीजो को रेफर क्यों किया जाता है यह यहां के लोगो की समझ में तब आया जब यूएसए में अपने चिकित्सक पति के साथ रह रही महिला चिकित्सक ने ललितपुर आकर अपने पति की मेडीकल डिग्री पर मेडिकल कॉलेज मे एक युवक पर कार्डियोलॉजिस्ट नौकरी करने का आरोप लगाया। महिला चिकित्सक के सनसनीखेज आरोप से ललितपुर के प्रशासनिक महकमे मे हडकम्प मच गया। शिकायत की भनक लगते ही आरोपी युवक ने आनलाइन इस्तीफा देते हुये अपना फोन स्विच आफ कर लिया। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डाक्टर राजीव गुप्ता की एमडी की डिग्री चुरा ली

*बुधवार सुबह करीब 11 बजे मेडिकल कॉलेज में पहुंची यूएसए निवासी डाक्टर सोनाली सिंह ने मेडीकल कालेज के प्राचार्य मयंक शुक्ला को एक पत्र सौंपते हुये बताया कि उसके भाई इंजीनियर अभिनव सिंह ने उसके पति डाक्टर राजीव गुप्ता की एमडी की डिग्री चुरा ली है और अभिवन सिंह डाक्टर राजीव गुप्ता बन कर मेडीकल कालेज मे चिकित्सक बनकर सेवाएं दे रहे है। इस पत्र की एक प्रति जिलाधिकारी को भी सौंपी गई है। मामला संज्ञान मे आते ही मेडीकल कालेज मे अफरा तफरी मच गई। चिकित्सको के चयन के लिये बनी कमेटी सवालों के घेरे मे आ गई। महिला ने दावा किया कि इंजीनियर अभिनव जिस एमबीबीएस और एमडी की डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे है प्रशासन उनका सत्यापन कराया जाये। साथ ही सोनाली सिंह ने कहा कि जिस राजीव गुप्ता के नाम पर अभिनव यहां काम कर रहा है वे वर्तमान में अमेरिका के एक बड़े अस्पताल में कार्यरत हैं। महिला ने इसके साथ कुछ दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत किए और फोटो मिलान सहित कई और बाते भी कही। शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला ने तुरंत जिला प्रशासन को जानकारी दी। जिला प्रशासन के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सक की डिग्री और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी।*

### मेडिकल कालेज में चिकित्सक राजीव गुप्ता बना बैठा था अभिनव सिंह

स्वास्थ्य विभाग ने हृदय रोगियों को उपचार की सुविधा देने के लिए नेशनल हेल्थ मिशन के एनसीडी सेल में कार्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडिसिन के पद के लिए विज्ञप्ति जारी की थी।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने साक्षात्कार के बाद शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जांच की थी। सात नवंबर 2022 को अभिनव सिंह ने राजीव गुप्ता बन कर मेडिकल कॉलेज में तैनाती ली थी। अभिवन सिंह ओपीडी के साथ-साथ गहन हृदय चिकित्सा इकाई की जिम्मेदारी भी देख रहे थे। राजीव गुप्ता के जो दस्तावेज मेडीकल कालेज मे नियुक्त के समय अभिनव सिंह मे जमा कराये है उनके मुताबिक राजीव गुप्ता ने 1991 में कोलकाता मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और 1996 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) से एमडी की डिग्री हासिल की है। राजीव गुप्ता को प्रतिमाह मेडीकल कालेज से डेढ़ लाख रुपये वेतन दिया जा रहा था।

### पुलिस अधीक्षक की ईको जांच की थी

पुलिस अधीक्षक ने अपनी रूटीन चेकअप के लिए ( ई को )जांच कराई थी यह एक धनी तरंगों का उपयोग करके हृदय और उसकी रक्त वाहिनियों की चलती फिरती तस्वीर बनती है जिसमें डॉक्टर हृदय से संबंधित आकर बल भवन पंपिंग क्षमता रक्त प्रवाह की जांच कर निदान के लिए परामर्श देता है। प्रधानाचार्य स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज ललितपुर के डॉक्टर प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक शुक्ला ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मेडिकल दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी इसके लिए तीन डॉक्टरों का एक पैनल बनाकर शीघ्र जांच रिपोर्ट देने का आदेश दिया । उसके बाद की जाएगी कठोर कार्रवाई।

#### जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

## बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा को एक लाख स्वीकृत हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी सत्यप्रकाश को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि हेमलता पत्नी जगदीश कुशवाहा संविलयन उच्च प्राथमिक विद्यालय टगर ब्लॉक बिरधा ललितपुर में शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में 4 नवंबर 2025 से बीएलओ का एसआईआर का कार्य कर रही थी। लगातार तनाव झेलते हुए विगत दिवस अचानक तवीयत खराब हो गई जिन्हें अचेत अवस्था में अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने झांसी रिफर कर दिया था, जो आईसीयू में भर्ती हैं। शिक्षा मित्रों को अल्प मानदेय 10 हजार रुपए मिलता है।जिससे उपचार कराना असंभव है।क्योंकि उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है। बीएलओ आपके निर्देशन में ईमानदारी से लगातार काम कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने तुरंत हेमलता कुशवाहा को एक लाख सहायता कोष राशि से आर्थिक सहायता देने हेतु तुरंत संबंधित अपने अधिकारी आदेश दिया गया। 50हजार की धनराशि का तत्काल चेक दिया गया। जिस पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया। जिससे उक्त बीएलओ की जान बचाई जा सके। डीएम से आह्वान किया कि शासन स्तर से बीएलओ का सरकारी बीमा एवं शिक्षा मित्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाने की मुख्यमंत्री से पहल करें। जिससे उचित इलाज करा सके। महिला एवं विकलांग शिक्षा मित्रों को बीएलओ ड्यूटी से पृथक किया जाए। जिस पर उन्होंने कहा कि आपकी मांग मुख्यमंत्री को भेजेंगे। सभी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस, शेरसिंह यादव, जगभान सिंह, अशोक परिहार, आशीष दुबे, रामनिवास दुवे, कीर्तिवाला, गजराज सिंह, हरिराम, शकुन बाई, सिरनाम सिंह, विजय बहादुर, रामसिंह, विजय निरंजन, कृपाल सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, वीर दुवे आदि उपस्थित रहे।

## संचालित आईटी प्रोजेक्टस पर चर्चा की गई

### संयुक्त निदेशक एनआईसी का जनपदीय भ्रमण



**ललितपुर।** एनआईसी ललितपुर कार्यालय का निरीक्षण किया गया राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र मुख्यालय भारत सरकार लखनऊ से प्रसुन पाण्डेय द्वारा अपर जिलाधिकारी ललितपुर अंकुर श्रीवास्तव से शिष्टाचार भेंट कर एनआईसी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित प्रमुख आईटी प्रोजेक्टस के सम्बन्ध में अवगत कराया गया अपर जिलाधिकारी ने एनआईसी ललितपुर द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा चुनाव ई-ऑफिस में भूमिका को सराहा इसके उपरान्त पाण्डेय द्वारा एनआईसी ललितपुर में जिला निर्वाचन कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस कार्यालय आबकारी विभाग के अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ बैठक कर संचालित आईटी प्रोजेक्टस पर चर्चा की गयी सुझाव लिए गए पाण्डेय द्वारा बताया गया की वर्तमान एसआईआर के माध्यम से एकत्रित किये जा रहे डाटा का उपयोग भविष्य में वोटर सूची में अंतर-राजीय डुप्लीकेशन को हटाने के लिए भी किया जाएगा अंतः एसआईआर फॉर्म में वोटर की साफ़ फोटो का ही उपयोग करें उनके द्वारा बताया गया की शीघ्र ही उत्तर प्रदेश में संचालित समस्त लोकवाणी केन्द्रों का संचालन पुनः लोकवाणी सोसाइटी के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है तथा वर्तमान में डीएसपी प्रणाली को बंद किया जा रहा है इस अवसर पर अर्पित जैन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, समर सिंह, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी, जावेद खान, चंद्रमणि पाण्डेय, नीरज सिंह, विपिन यादव, आवकारी निरीक्षक, प्रशांत कुमार आबकारी निरीक्षक, अंशुल खरे, ईडीएम अन्य उपस्थित रहे।

#### राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन ने मनाया विश्व मानव अधिकार दिवस

## अधिकारों का वर्णन व मेधावी छात्रों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




बचपन प्ले स्कूल में राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल, पूर्व सीएमओ डा.जे.एस.बख्शी, पूर्व मलेरिया अधिकारी डा.के.एस.यादव, पूर्व प्रधानाचार्य जनक किशोरी शर्मा, समाज सेविका अनुपमा जैन, शाखा प्रबंधक कपिल पोरवाल के मुख्य अतिथि व जिला बार एसोशिएसन पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया।

सचिव विधि न्याय मयंक जायसवाल ने कहा कि आज के दिन विश्वमानव अधिकार दिवस हमको अपने अधिकारों का पता होना चाहिए। मानव के जीवित होने से लेकर मृत्यु तक के अधिकारों का उन्होंने विस्तार पूर्वक वर्णन किया। संरक्षक मनजीत सिंह सलूजा, महामंत्री हरविंदर सिंह सलूजा, विद्यालय प्रबंधक स्वप्निल जैन, एड.पुष्पेंद्र सिंह चौहान, गंधर्व सिंह लोधी, जयशंकर प्रसाद दुबे, राना रविंद्र सिंह परमार, जगदीश प्रसाद पाराशर, पं.आसाराम तिवारी, अरविंद कुमार जैन, अशोक कुमार वर्मा, अशोक कुमार मोदी, सतनाम सिंह बलवंत, सिंह राजपूत, जेपी यादव, वीरेंद्र जाटव, डा.सुरेंद्र सिंह निरंजन, अरिमर्दन सिंह राजपूत, हरिराम रजक, रमाकांत तिवारी, अरविंद संज्ञा, रमेश कुमार, अशोक कुमार, रामस्वरूप निरंजन, अशोक पेंट, राजाराम गोस्वामी, अरविंद जैन, आलोक वर्मा, सुरजीत सिंह सलूजा, राजकुमार राठौर, अरुण, सतनाम सिंह भाटिया, प्रशांत मित्तल, अलका मित्तल, सुरेश बेगी, शिवानी श्रीवास्तव, विचार जैन, मेघा जैन, राहुल जैन, सीमा चकवारा, मयूरी जैन, अर्चना चौरसिया, मोहित कुमार सिंघाई, हनीफ जैन, उमा चतुर्वेदी उपस्थित थे। संचालन मंजीत सिंह सलूजा ने व आभार अध्यक्ष अशोक कुमार स्वर्णकार ने व्यक्त किया।

## 66 पीआरडी स्वयंसेवकों ने परेड का प्रदर्शन किया, खेलों में भाग लिया

### युवा कल्याण व प्रादेशिक विकास दल का स्थापना दिवस मनाया

**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ललितपुर के तत्वावधान में जनपद स्तरीय पीआरडी स्थापना दिवस के कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ, श्रम एवं सेवायोजन, राज्यमंत्री उप्र शासन, कैलाश निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष, ललितपुर, रामरतन कुशवाहा सदर विधायक ललितपुर तथा विशिष्ट अतिथि श्री शेषनाथ चौहान, मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्वान्ह 11.30 बजे, स्थान-स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर में किया गया। प्रदीप कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी ललितपुर द्वारा बुके भेट कर एवं बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के 66 पीआरडी स्वयंसेवकों के द्वारा परेड प्रदर्शन एवं खेल विधाओं यथा 100 एवं 400 मीटर दौड एवं रस्सा कसी विधाओं में प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर विभागीय स्वयंसेवकों द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमे प्रथम कमाण्डर की भूमिका का निर्वहन श्री शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी तालबेहट द्वारा किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर 100 मी0 दौड में प्रथम स्थान-शिवदयाल, द्वितीय-सुरेश, तृतीय लक्ष्मन लाल रहें। 400 मी0 दौड में प्रथम स्थान-सतेन्द्र, द्वितीय-शिवदयाल एवं तृतीय-पंचम, रस्साकसी मे विजेता-पंचम की टीम एवं उप विजेता-भरत की टीम आदि द्वारा प्रतिभाग कर पुरस्कार प्राप्त किया। सदर विधायक द्वारा इस अवसर पर कहा गया कि पीआरडी0स्वयंसेवक अपनी डयूटी की प्रति सतर्क रहकर तथा पुलिस के साथ कन्धे से कन्धे मिलाकर ड्यूटी करते है। पीआरडी स्वयंसेवकों को इस प्रकार के आचरण एवं व्यवहार करने के लिये कहा गया, जिससे जनपद में विभाग का नाम उज्जवल हो तथा समाज में शान्ति एवं विकास का माहौल बने, जिससे समाज में सभी लोगो के प्रगति का समान अवसर उपलब्ध हो सके। पुलिस के साथ लगातार अपनी डयूटी इस निष्ठा के साथ की जाये, जिससे अन्य लोगो को देखकर पी0आर0डी0 विभाग से जुडने का मनोवल बना रहें। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि पीआरडी स्वयंसेवक अपनी डयूटी पूरी अनुशासन में करते है इसलिए उप्र सरकार भी उनके मनोबल बढाने हेतु समय-समय पर डयूटी भत्ता में बढोत्तरी करती है जिससे कि जवानों का मनोबल एवं अनुशासन हमेशा उच्च स्तर का रहे। मंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक डयूटी स्थल पर फिट रहकर डयूटी कर सकें इसके लिए परेड एक प्राथमिक माध्यम है। सभी जवानों को विभागीय परेड में समय-समय पर उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण मनोहर लाल पंथ, श्रम एवं सेवायोजन, राज्यमंत्री कैलाश निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष, ललितपुर, रामरतन कुशवाहा सदर विधायक ललितपुर एवं शेषनाथ चौहान, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सयुक्त रूप से किया। प्रदीप कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी, ललितपुर द्वारा समस्त गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

### पेंशनर्स दिवस 17 को कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया जाएगा

**ललितपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि उ.प्र. शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी के समन्वयन में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जा रहा है। समस्त कार्यालाध्यक्षों एवं पेंशन संगठन के पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वह 17 दिसम्बर को समय दोपहर 1 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित पेंशनर्स दिवस में प्रतिभाग करें।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सिरसी के मजरा पूनागढ़ ब्रजनगर निवासी रेखा पत्नी स्व.पार सिंह अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 दिसम्बर को उसके पति अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.93 ए.ई. 2218 से ससुर का अंतिम संस्कार करके शाम करीब 7.30 बजे गुन्देरा से लौट रहे थे। वह जखौरा बस स्टेण्ड से थोड़े आगे राजघाट रोड पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि तभी ललितपुर की ओर से आ रही तीन पहिया लोडिंग नम्बर यू.पी.94 टी 7315 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों की मदद से गांव के मलखान व रामसेवक ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। मेडीकल कॉलेज झांसी में भर्ती होने के बाद अगले दिन 2 दिसम्बर को सुबह करीब 6 बजे उसके पति की मृत्यु हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्र-बहुओं से परेशान वृद्ध ने एसपी से लगाई गुहार

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के साई बिहार कालौनी म.नं. सी-1 भोपाल व मूल निवासी जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना चंदेरा के ग्राम सगरवारा में रहने वाले रमेशप्रसाद विश्वकर्मा पुत्र भैयालाल विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने अपने पुत्र-पुत्रवधुओं पर प्रताड़ित करते हुये सम्पत्ति को खुर्द-वुर्द करने का आरोप लगाया है। बताया कि नाराहट निवासी कुछ लोगों के साथ मिलकर एक गुट बनाये हुये हैं, जो कि उसकी 72 वर्ष की आयु में उसे खाना-पानी न देते हुये प्रताड़ित करते हैं और उसकी चल-अचल सम्पत्तियों को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा बहुओं द्वारा घरेलू हिंसा व दहेज एक्ट में फंसाने के लिए रिश्तेदारी में भी दुष्प्रचारित करते हैं। बताया कि बीती 17 नवम्बर को भी उनके द्वारा एसपी टीकमगढ़ को लिखित शिकायती पत्र दिया गया था, लेकिन उसमें न तो कोई कार्यवाही की गयी और न ही मामला दर्ज किया गया। अब पीड़ित ने एसपी ललितपुर से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

#### भ्रांतियों पर न करें विश्वास, राजनैतिक दल सीधे करें बात

## डीएम का नेतृत्व, एसआईआर में प्रदेश अव्वल जनपदों में ललितपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैठक की।

बैठक में एसआईआर के तहत एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में अपलोड करके समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया और कहा गया कि डाटा को अच्छी तरह से जांच लें और अगर कोई भिन्नता पायी जाती है तो संज्ञान में लाये, ताकि उसमें सुधार कराया जा सके। यह भी आग्रह किया गया कि यदि किसी का नाम सूची में नहीं है तो उसका फार्म-6 भरकर सम्बंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दें। राजनैतिक दलों से यह भी कहा गया कि यदि किसी ने अपने बीएलए नियुक्त नहीं किये हैं तो शीघ्र नियुक्त करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचना भेज दें। यह भी अवगत कराया कि जनपद में एसआईआर के तहत मतदाताओं का डिजिटाईजेशन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने राजनैतिक दलों से कहा कि एसआईआर के प्रति किसी भी भ्रान्तियों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया पर एसआईआर के सम्बंध में किसी भी भ्रामक सूचना को साझा करने से बचें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के सम्बंध में किसी भी समस्या के समाधान, सूचनाओं के आदान प्रदान आदि के लिए उनके दूरभाष पर बात कर सकते हैं। उन्होंने एसआईआर के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा गणना एवं मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्थान हेतु 11 दिसम्बर, नियंत्रण तालिका का अद्यतन और मसौदा रोल की तैयारी हेतु 12 से 15 दिसम्बर, मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन हेतु 16 दिसम्बर, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 16 दिसम्बर से 15 जनवरी, नोटिस चरण के अंतर्गत नोटिस जारी करने, सुनवाई और सत्यापन हेतु 16 दिसम्बर से 07 फरवरी, मतदाता सूचियों के स्वास्थ्य मानकों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयेग की अनुमति प्राप्त करने के लिए 10 फरवरी एवं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए 14 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में समस्त राजनैतिक दलों ने जनपद में चल रहे एसआईआर के प्रति संतुष्टि जाहिर की और कहा कि वे सभी इसमें सहयोग कर रहे हैं। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में सभी बीएलओ व राजनैतिक दलों के बीएलए के साथ कार्यशाला आयोजित कर विशेष प्रगाढ़ पुट के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी और दूसरे चरण में भी इसी प्रकार सहयोग करने का आह्वान किया। बताया गया कि अन्मेप्ड वॉटर को नोटिस भेजने के बाद उनसे आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रपत्रों में से किसी एक की सूचना प्राप्त कर लें। यदि किसी का नाम नहीं है तो फार्म 6 भरवा लें, इस कार्य में राजनैतिक दलों के बीएलए अपेक्षित सहयोग करें।

### लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कलेक्टर की सर्जिकल स्ट्राइक जारी

# एसडीओ, ईई, शाला प्रभारी और शिक्षिका पर निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में बदहाल शैक्षणिक, स्वास्थ्य और आईसीडीएस व्यवस्थाओं को ढर्रे पर लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही सर्जिकल स्ट्राइक (औचक निरीक्षण) दूसरे दिन भी जारी रही। गुरुवार को जहां डॉक्टर और कई लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की गाज गिरी वहीं शुक्रवार को आरईएस के एक एसडीओ व इंजीनियर तथा शिक्षा विभाग के हेड मास्टर सहित दो शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पीएम श्री स्कूलों में संचालित गतिविधियों एवं विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान लापरवाही पाये जाने पर शाला प्रभारी सहित एक शिक्षिका को निलंबित करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही एसडीओ तथा ईई आरईएस के विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये। इस दौरान विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन आदि की व्यवस्थाओं का आंकलन भी किया गया। पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय क्र-02 श्योपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में आरईएस द्वारा बनाये गये बॉलीवाल ग्राउंड गुणवत्ताहीन दिखा। स्टॉफ एवं बच्चों से चर्चा कर अध्ययन-अध्यापन की स्थिति का जायजा लिया गया। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया गया, विद्यालय में शिक्षिका शशि सिकरवार के बगैर सूचना अनुपस्थित पाये जाने तथा शाला प्रभारी राजकुमार गुप्ता द्वारा स्टॉफ पर नियंत्रण न होने के चलते निलंबन की कार्यवाही हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके बाद पीएमश्री स्कूल गोहेडा पहुंचे कलेक्टर ने आरईएस द्वारा बनाये जा रहे अतिरिक्त कक्षो के कार्य का अवलोकन किया गया तथा कार्य में गुणवत्ता बरतने के निर्देश दिये। इसी के साथ पीएमश्री बडौदाराम हाईस्कूल के निरीक्षण के दौरान यहां बनाये जा रहे बॉस्केट बॉल मैदान का अवलोकन किया गया। उक्त सभी स्थानों पर गुणवत्ताहीन कार्य पाये जाने पर एसडीओ आरईएस राहुल कनेरिया तथा ईई आरईएस रामअवतार अगरैया के निलंबन का प्रस्ताव संभागायुक्त को भेजने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में आईटीसी लैब तथा टॉयलेट आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया, आईटीसी लैब का संचालन नही होने तथा टॉयलेट में गंदगी पाये जाने पर प्राचार्य बालचंद माहौर को हटाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। गोहेडा में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश भी दिये गये। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन, आईटीसी लैब आदि का निरीक्षण किया तथा गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन की व्यवस्थाओं के साथ ही आईटीसी लैब का बेहतर संचालन पाया गया।



#### समूहों का एक माह का मानदेय राजसात, अनुबंध निरस्त

मेन्यू अनुसार भोजन नही मिलने पर मुकुल स्वसहायता समूह एवं माँ दुर्गा स्वसहायता समूह की एक माह की राशि राजसात करने के निर्देश के साथ ही समूह का अनुबंध निरस्त करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

#### अच्छी व्यवस्था के लिए होगा सम्मान

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा पीएमश्री स्कूल गोहेडा के निरीक्षण के दौरान बेहतर अकादमिक व्यवस्थाएं पाये जाने तथा स्कूल का वातावरण स्वच्छ पाये जाने पर प्राचार्य विष्णु शर्मा को आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने स्कूल की अकादमी व्यवस्था को जिस तरीके से व्यवस्थित पाया उस पर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अन्य प्रिंसिपलों को भी इसी तरह अकादमी व्यवस्थाएं संधारित करने के लिए निर्देशित किया जाए।

### पुलिस ने शुरू किया हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान

## बिना हेलमेट बाइक चलाते पकडे 51 लोग वसूला 15 हजार 300 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हेलमेट लगाने के प्रति लोगों की जागरूकता बढाने के लिए पुलिस ने हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान शुरू कर दिया है। यातायात थाना पुलिस ने इस अभियान के तहत बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि शुक्रवार को अभियान के तहत शहर के यातायात थाने के सामने महाराणा प्रताप चौराहे तथा पाली रोड पर देहात थाने के सामने दुपहिया वाहनों की चेकिंग की गई।

इस चेकिंग के दौरान 51 बाइक सवार लोग बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकडे गए है। जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 15 हजार 300 का समन जुर्माना किया गया। तथा उनको हमेशा हेलमेट लगाने एवं अपने परिवार व मित्रजनों को भी हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित की समझाइश दी।



### डाइट श्योपुर में अंग्रेजी शिक्षकों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

## प्रशिक्षण की सीख बच्चों तक अनिवार्य रूप से लेकर जाएं शिक्षक:सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इस प्रशिक्षण के दौरान शिक्षको को जो सीख मिली है,वह सीख अपने अपने स्कूलो में पढने वाले बच्चों तक अनिवार्य रूप से पहुंचनी चाहिए। तभी शासन का इस प्रशिक्षण को आयोजित करने का उद्देश्य साकार हो पाएगा। यह बात डाइट प्राचार्य राघवेन्द्र सिकरवार ने डाइट श्योपुर में आयोजित अंग्रेजी शिक्षको के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बोलते हुए कही।

दरअसल वर्ष 2024-25 में कक्षा 8 वीं में जिन शालाओं का अंग्रेजी विषय का परीक्षा परिणाम शून्य रहा है,उन शालाओ में अंग्रेजी विषय पढाने वाले शिक्षकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण पांच पांच दिन के तीन चरणो में पूर्ण कराए जाने के निर्देश राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा दिए गए है। इसी क्रम में अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण डाइट श्योपुर में ईएलटीआई भोपाल के द्वारा दिए गए निर्देशो के तहत सम्पन्न कराया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी राजेश त्रिवेदी ने बताया कि 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित द्वितीय चरण के इस प्रशिक्षण में 38 शिक्षकों ने शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



## नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा आज 9 केंद्रों पर 3640 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित होगी। यह परीक्षा प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक संपन्न कराई जायेगी। परीक्षा के लिए जिले में 9 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिन पर 3640 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है, इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रवार तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को शामिल करते हुए उडनदस्ता दल गठित किये गये है।

नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए श्योपुर विकासखण्ड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर, शासकीय कन्या उमावि श्योपुर, अशासकीय सेंट पायस स्कूल श्योपुर तथा अशासकीय अल्फा इंग्लिश स्कूल श्योपुर, कराहल विकासखण्ड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि कराहल, शासकीय कन्या उमावि कराहल, शासकीय एकलव्य उमावि कराहल विजयपुर विकासखण्ड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि विजयपुर एवं शासकीय कन्या उमावि विजयपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु 13 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय केके कटियार ने बताया कि कक्षा 6वी में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरे गये थे, जिसकी परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जारी कर दिये गये है, वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जा सकते है।

## बैर खाने गए बालक की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बंदडी में एक दस वर्षीय बालक की करंट लगने से मौत हो गई। बालक को उस समय करंट लगा,जब वह बैर खाने के लिए गांव के बाहर गया था।

हालांकि करंट लगने पर परिजन उसे तत्काल बडौदा अस्पताल भी लेकर पहुंचे,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी,इसलिए डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि ग्राम बंदडी निवासी निकित 10 वर्ष पुत्र जगदीश बैरवा गुरूवार की शाम को जब बाबूलाल बैरवा के खेत के पास झाडियो में लगे बैर तोड रहा था,तभी वहां से गुजरे बिजली के तार से उसे करंट लग गया, जिसका पता चलने पर परिजन उसे तत्काल बडौदा अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि पीएम के बाद मृतक बालक के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक ही बाइक पर सवार होकर गांव जा रहे चार युवक कार की टक्कर से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर


कराहल थाना क्षेत्र स्थित पनवाडा रोड पर शंकरपुर स्कूल के पास गुरूवार की शाम को एक कार ने बाइक सवार लोगो को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चारो युवक घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है। कराहल पुलिस ने बताया कि ग्राम सरारी निवासी गोलू आदिवासी 20 वर्ष, लेखराज आदिवासी 22 वर्ष, राजेन्द्र आदिवासी 19 वर्ष, गोपी आदिवासी 25 वर्ष गुरूवार को जब एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव सरारी जा रहे थे,तभी इनकी बाइक को शंकरपुर स्कूल के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार चारो लोग घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है।




## प्रतिष्ठित व्यवसायी गर्ग का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं जिला शांति समिति के सदस्य शंकरलाल गर्ग का शुक्रवार की तड़के निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। चतुर्भुज शंकरलाल फर्म के संचालक समाजसेवी सूर्यप्रकाश गर्ग के पिता थे। धार्मिक प्रवृति वाले स्व गर्ग टोड़ी गणेश मंदिर संस्थान से जुड़े रहे थे। दोपहर 12 बजे के करीब शहर के बड़ौदा रोड स्थित मुक्तिधाम पर उनका दाह संस्कार किया गया।



## हवा के चलने से गिरा पारा, बढ़ने लगी सर्दी,जगह जगह जले अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत दो-तीन दिनों से चल रही हवा के कारण तापमान में गिरावट आ जाने से सर्दी बढ़ गई है। सर्दी से बचाव के लिए लोग सुबह शाम अलाव का सहारा लेने लगे हैं।

दिसंबर माह में सर्दी पीक पर हो जाती है जिसकी शुरुआत अब हो चुकी है हालांकि दोपहर में मामूली गर्मी का एहसास जरूर होता है लेकिन शाम ढलते ही सर्दी का प्रकोप शुरू हो जाता है रात भर चलने के साथ सुबह 10 बजे तक चलता है। लोगों को सर्दी से बचाव के लिए जहां गर्म कपड़े पहनना पड़ रहे हैं वही दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अलाव जलाकर तापते भी दिखाई पड़ रहे हैं। सर्दी में सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को आ रही है जिन्हें माता-पिता गर्म कपड़े पहनाकर ही स्कूल भेज रहे हैं।



## सफाई व्यवस्था ध्वस्त,गदंगी के कारण परेशान हो रहे अजापुरा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम अजापुरा में इन दिनों साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह चित पडी नजर आ रही है। जिसकारण गांव के गली मोहल्ले में जगह जगह कचरा पडा हुआ साफ नजर आ रहा है। जिससे गांव के ग्रामीण परेशान हो रहे है और इन स्थितियो में सुधार की मांग कर रहे है,लेकिन इसके बाद भी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

यूं तो सरकार साफ सफाई के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए कई तरह की कवायदे कर रही है,मगर ग्राम पंचायत अजापुरा साफ सफाई को लेकर उदासीन बनी हुई है। जिसकारण गांव के गली मोहल्लों की नियमित रूप से सफाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में ग्रामीण गंदगी को लेकर खासे परेशान बने हुए है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इन स्थितियो में सुधार करवाए जाने की मांग की है।



### जिले में थम नहीं रही खाद को लेकर हंगामे की स्थिति

# गुरनावदा में खाद वितरण के दौरान किसानों का हंगामा, पुलिस ने शांत कराया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में खाद का संकट बढता जा रहा है। इसको लेकर आए दिन जिले में हंगामे और प्रदर्शन किए जाने की स्थितियां निर्मित हो रही है। शुक्रवार को सोईकलां क्षेत्र के गुरनावदा सेवा सहकारी संस्था पर खाद लेने पहुंचे किसानों ने जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिलने पर हंगामा कर दिया।

हंगामा करने वाले किसानों का कहना था कि जरूरत के अनुसार किसानों को खाद क्यों नहीं दिया जा रहा है। हालांकि हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और फिर लाइन लगाकर किसानों को पांच पांच खाद के कट्टो का वितरण किया गया, लेकिन इस दौरान किसान इस बात को लेकर नाराजगी जता रहे कि पांच कट्टे खाद से क्या होगा। प्रशासन जरूरत के अनुसार खाद की उपलब्धता किसानों को कराए।

दरअसल इस समय जिले में किसानों को जरूरत के अनुसार यूरिया खाद की उपलब्धता नहीं हो रही है। जिले की सोसायटियों पर यूरिया खाद की कमी बनी हुई है। वहीं जिला मुख्यालय पर भी किसानों को लाइन में लगने के बाद भी जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल रहा है। जबकि खेतो में बोई गई फसल को यूरिया की सख्त जरूरत बनी हुई है। ऐसे में किसान खाद के लिए परेशान हो रहे है। खाद न मिलने के कारण परेशान हो रहे किसान ही खाद को लेकर हंगामा और प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहे है। शुक्रवार को इसकी बानगी गुरनावदा में देखी गई,जहां खाद के 02 ट्रक पहुंचते ही किसानों ने खाद लेने के लिए हंगामा कर दिया। खाद खत्म न हो जाए, इस जल्दबाजी में कुछ लोग सीधे ट्रक पर चढ गए और उनके द्वारा खाद के कट्टे नीचे उतार लिए गए। हालांकि हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंच गई,जिसके बाद किसानों का हंगामा शांत हो गया और फिर सेवा सहकारी संस्था गुरनावदा के स्टाफ के द्वारा किसानों को लाइन में लगाकर 5-5 कट्टे खाद का वितरण किया गया।



#### इसलिए निर्मित हो रहा खाद का संकट

जिले में खाद का संकट निर्मित होने के पीछे कारण खाद की जरूरत के अनुसार उपलब्धता नहीं होना है। बताया गया है कि दिसंबर माह के लिए श्योपुर जिले में 13 हजार मैट्रिन टन यूरिया खाद उपलब्ध कराने की डिमांड भेजी गई है,लेकिन 12 दिसंबर तक श्योपुर जिले को सिर्फ 4 हजार 600 मैट्रिक टन यूरिया खाद ही उपलब्ध हो सका है। जबकि रबी सीजन की फसल की बुबाई कर चुके जिले के सभी किसानों को इस समय यूरिया खाद की जरूरत बनी हुई है। यूरिया न मिलने पर फसल का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस डर के चलते किसान जल्द से जल्द यूरिया खाद की मांग कर रहे है।

#### जरूरत 8 ट्रक खाद की,पहुंचा सिर्फ 2 ट्रक खाद

सेवा सहकारी संस्था गुरनावदा के पूर्व अध्यक्ष कुंजबिहारी सिंह चौधरी ने बताया कि गुरनावदा संस्था से एक हजार किसान जुड़े हैं और शुक्रवार को केवल दो ट्रक यूरिया उपलब्ध कराया गया, जबकि किसानों की जरूरत आठ ट्रक की है। इसी वजह से किसानों ने हंगामा किया है। वैसे भी मरता किसान क्या नहीं करता। ऐसी स्थिति से बचने के लिए प्रशासन सोसाइटी में जल्द पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराए।

#### इनका कहना है...

इस समय जरूरत के लिहाज से खाद नहीं मिल रहा है। मुझे इस समय 30 कट्टे यूरिया खाद की जरूरत है, मगर मुझे सिर्फ 5 कट्टा यूरिया दिया गया है। इससे क्या होगा। प्रशासन जल्द ही किसानों को पर्याप्त खाद की उपलब्धता कराए।

**ओम प्रकाश**
**किसान गुरनावदा**

गुरनावदा में खाद वितरण के दौरान किसानों का हंगामा होने की खबर मिली थी। सूचना मिलते ही हमने पुलिस को मौके पर भेज दिया। शांतिपूर्ण तरीके से किसानों को खाद का वितरण करवा दिया गया।

**पप्पू सिंह यादव**
**टीआई थाना मानपुर**

## जिला पंचायत सदस्य और सरपंच पद के लिए दाखिल हुए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा के निर्देशन में श्योपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत रिक्त पदो पर निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है, इसी क्रम में शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य के लिए एक नामांकन फार्म भरा गया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय जैन द्वारा शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए सोनू सिंह राठौड पुत्र शिवचरण राठौड निवासी बगदिया का नामांकन पत्र प्राप्त किया। बता दें कि इसके पहले कमलेश कंवर पत्नि महेश सिंह जादौन निवासी बगदिया द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था, इस प्रकार नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 02 हो गई है। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच पद हेतु निर्वाचन के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, सुरेन्द्र आदिवासी तथा सतीश आदिवासी द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र तहसील कार्यालय विजयपुर में राजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष दाखिल किये गये। नामांकन पत्र 15 दिसंबर अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे, शनिवार को भी नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकते है। नाम निर्देशन पत्रो की जांच का कार्य 16 दिसंबर को होगा। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। इसी दिन अपरान्ह 3 बजे के बाद निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेगे।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेरखेडी तूमैन निवासी सत्यम रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवदीप, दीपक चैधरी, और कपिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनौदा निवासी राकेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युवराज व हरपाल सरदार तथा अज्ञात दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी ऊधम सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल और विक्की अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी कल्लों बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटेराम अहिरवार और रामदेवी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो सडक दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए हैं। पहली घटना मे कबीरा रोड निवासी कान्ता बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजीव प्रजापति ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके 3 वर्ष के लडके में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पिंकी साहू निवासी विदिशा रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67 एमके 2645 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### महिला की बाईक से नीचे गिरने से मौत

**अशोकनगर।** पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम केशोपुर निवासी देवकी बाई पति प्रताप सिंह धाकड़ अपने पुत्र सुखबीर सिंह धाकड़ के साथ बाइक पर बैठकर अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने भटौली गांव जा रही थी। जब बाइक परासरी के समीप सड़क से गुजर रही थी तभी स्पीड ब्रेकर पार करते समय बाइक से 55 वर्षीय महिला गिर गई जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवारजन जिला अस्पताल पहुंच गए।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से स्कूली की तीन छात्राएं घायल

**अशोकनगर।** शहर से पढ़ाई कर वापिस अपने गांव लौट रहीं 3 छात्राएं बस से अपने गांव अमाई फुटेरा गईं थी। सड़क से अन्दर गांव के लिए पैदल जा रहीं थी तभी एक लोडिंग वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे छात्राएं घायल हो गई। घायल छात्राओं में खुशबू पुत्री रामविलास उम्र 17 वर्ष, पूनम पुत्री जगदीश ओझा, नेहा सेन पुत्री हेमंत सेन शामिल हैं। जिसमें खुशबू को अधिक चोटे आई हैं।

---

### भव्य शोभायात्रा निकली, श्रीजी हाथी पर सवार होकर निकले, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के जन्म का उत्सव धूमधाम से आयोजित













हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के जन्म का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। शहर में भव्य शोभा यात्रा निकली। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ,मिठाईयां बाटीं गई। इस पूरे जन्म कल्याणक का पहले मंच पर उत्सव दिखाया गया जब चल समारोह वापिस अयोध्या नगरी पहुंचा तब वहां भगवान का अभिषेक किया गया।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन पुंगव मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में किया जा रहा है। इस आयोजन में भगवान के माता पिता की भूमिका अनीता राकेश जैन द्वारा की जा रही है जबकि सौधर्म इन्द्र की भूमिका सुमत जैन और उनकी पत्नी द्वारा निभाई जा रही है। इसी तरह धन कुबेर की भूमिका में शेलेन्द्र जैन दददा सह परिवार हैं। इस आयोजन में यह सभी पात्र रथों पर सवार होकर भगवान जिनेन्द्र के जन्म के उत्सव में शामिल हुए। जैन धर्म की पताकाएं चारों ओर फहराती नजर आईं। हाथी पर सौधर्म इन्द्र सुमत अखाई भगवान को अपनी गोद में लेकर बैठे नजर आए।

#### भगवान के जन्मोत्सव पर रत्नों की वर्षा की गई

इस जन्म कल्याणक महोत्सव से पहले मंच पर सौधर्म इन्द्र का दरबार लगाया गया यहां बालक आदिकुमार को अपनी पत्नी से मांगते हुए सौधर्म इन्द्र को देखा गया। एक गीत के माध्यम से यह सारी प्रस्तुती इस आयोजन में दिखाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले मंदिर का निर्माण कराओ, भगवान दे दो चाहे गुना रोड की जमीन लेलो, या फिर मुंगावली का मार्केट लेलो लेकिन भगवान को मुझे देदो। यह भगवान कोई ओर नहीं माता मरूदेवी और राजा नाभिराय के यहां जन्मे बालक आदिकुमार हैं। इस दौरान सौधर्म इन्द्र के साथ सभी इन्द्र अयोध्या नगरी में पहुंचे और पुत्रों के जन्म निवास पर बधाई नृत्य करते हुए पूरे पंडाल में श्रद्धालु नाचते गाते हुए देखे गए, बधाई गीत गाए गए। इस दौरान कुबेर ने रत्नों की वर्षा की। इन रत्नों को प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु हाथ पसारते हुए नजर आए।

#### अयोध्या नगरी से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

भगवान के जन्म के मौके पर जहां बधाईयां और नृत्य के आयोजन हुए वहीं दूसरी ओर शहर में अयोध्या नगरी से एक शोभा यात्रा निकाली गई जो शशीन्द तिराहा, एफओवी ब्रिज, गांधी पार्क, पुराना बाजार, इन्द्रापार्क से सुभाषंगज, स्टेशन रोड होते हुए वापिस अयोध्या नगरी पहुंची। इस दौरान जगह जगह भगवान के जन्म का उत्सव मनाया गया, फूलों की वर्षा की गई, जगह जगह दीपक जलते हुए नजर आए, रंगोलिया बनाई गईं, मिठाईयां बांटी गईं, फलों का वितरण हुआ, आरती के आयोजन हुए। बाद में यह चल समारोह वापिस अयोध्या नगरी पहुंचा। जहां भगवान का अभिषेक किया गया।

#### आज होगा पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रतिदिन होने वाले नियमित कार्यक्रमों के साथ मुनिश्री की मंगल देशना का आयोजन होगा और दोपहर 1 बजे पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया है। जो शाम 5 बजे तक चलेगा। इस पिच्छिका परिवर्तन समारोह में पुंगव मुनि श्री सुधासागर महाराज के साथ सभी संघस्थ 14 ऐलक मुनियों को भी नई पिच्छिकाएं प्रदान की जाएगीं। यह सभी पिच्छिकाएं भक्ति भाव से संगीतमय आयोजन के साथ दिगम्बर जैन युवा वर्ग की शानदार प्रस्तुती के द्वारा मंच तक लाई जाएगीं। यह पुरानी पिच्छिकाएं कईं श्रेष्ठीजनों को लेने का मौका मिलेगा। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में नीलेश जैन पार्टी एवं सत्येन्द्र शर्मा एंड पार्टी दिल्ली द्वारा संगीत प्रदान किया जा रहा है।

#### मुनिश्री ने कहा-भगवान के जन्म का उत्सव सबसे श्रेष्ठ उत्सव

इस मौके पर राष्ट्र संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे शक्तिशाली देव सौधर्म इन्द्र स्वयं प्रभु का प्रथम अभिषेक करते हैं। यह जन्म अभिषेक मेरू पर्वत पर होता है, यह संसार के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। इससे भी ऊपर पाडुंक शिला पर बालक भगवान का जन्म अभिषेक करते हुए चारों निकाय के देव एक साथ खड़े होते हैं। ऐसा करने वाला वह भव्य अवतारी बन जाता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति चाहता है कि मेरा जीवन सदा मंगलमय हो लेकिन दुनिया में कुछ नियम ऐसे हैं जिनका पालन करना जरूरी है। कुछ कार्य वह जानकर करता है और कुछ कार्य ऐसे होते हैं जिनसे अंमगल हो जाते हैं। संसार में कोई भी स्थान शुद्ध नही हैं। पापियों ने पाप करके सारे संसार को अशुद्ध कर दिया है। जबकि बिना शुद्धि के कोई अनुष्ठान हो ही नहीं सकता। कभी मन अशुद्ध हो जाता है तो कभी कान, हाथ, पैर अशुद्ध हो जाते हैं।

---



### सफाई से काम्प्लेक्स में वॉश ऑन व्हील का शुभारंभ

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी. प्रजापति के निर्देशन में ग्राम पंचायत नईसराय में शासकीय माधव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण के पास स्थित सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई हेतु स्वच्छ्ता साथी को पीपीई किट, स्वच्छता सामग्री प्रदान की गई। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रामेन्द रघुवंशी,सहायक सचिव सीमा प्रजापति एवं स्वच्छाग्राही भगवत किशोर चक्रवर्ती ने स्वच्छता साथी महेंद्र वाल्मीकि को सम्मानित किया। विद्यालय प्रांगण में बालिका शौचालयों के सफाई डेमो देकर विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियो से फीडबैक लिए जो सकारात्मक रहे। विकासखण्ड समन्वयक सतपाल सिंह जाट ने बताया कि स्वच्छ शौचालय और गंदगीमुक्त परिवेश आज की आवश्यकता है,और इसकी पूर्ति के लिए शासन, प्रशासन के सहयोग के साथ आमजन की सहभागिता आवश्यक है। जब समुदाय नवाचार को अपनाएगा तो हर शौचालय और गांव स्वच्छ और हरित नजर आएगा।ग्राम पंचायत सचिव ने सभी ग्रामवासियों से अपील करते हुए स्वच्छता साथी मोबाइल एप से वॉश ऑन व्हील अंतर्गत प्रदान की जाने वाली शौचालय सफाई की प्रोफेशनल सेवाओं की बुकिंग करने हेतु प्रेरित किया। स्वच्छता साथी महेंद्र वाल्मीकि ने सेफ्टी किट पहनकर वॉशर मशीन से सफाई के अनुभव साझा करते हुए बताया कि ड्रेस पहनकर जब हम कार्य करते हैं तो स्वच्छता सैनिक जैसा महसूस करते हैं। इससे जहां एक ओर हमारे कार्य को पहचान मिल रही हैं। वहीं हमारा आत्म सम्मान भी बढ़ा है।

---

## आजादी के 78 साल बाद मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

तहसील पिपरई से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गरेठी के आदिवासी बस्ती के लोगों ने मगंलवार को जनसुनवाई मे कलेक्टर से की शिकायत भले ही विकास के लाख दावे किए हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कोसों दूर है ग्राम पंचायत गरेठी में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 इसी गली पर है छोटे-छोटे बच्चे कई सालों से कीचड़ में निकल रहे मजबूर हैं।

कुछ बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र डर के मारे नहीं जाते कच्चे मकान होने से बच्चों के पालक डरते बच्चों की चिंता करते हैं। इन चार स्थानों पर कभी नहीं हुआ सीसी रोड नहीं डाला जितने भी सरपंच बने कभी किसी ने भी सरपंच ने नहीं करवाया खरंजा। 1 बल्लू ,राम भरोसी के द्वार से गोड बाबा स्थान तक।

2 टीका का बाबा के द्वारा से रामलाल धर्मलाल पप्पू आदिवासी परमाल आदिवासी आम वाली गली



आदिवासी बस्ती तक।

3तीसरा रास्ता दीपक सोलंकी द्वार से रामकिशोर के द्वार तक मात्र 50 फीट ।

4 चैथा स्थान ग्राम खिरिया में भैरव बाबा के चबूतरा तक।

ग्रामीणों ने पंचनामा बनाकर मंगलवार जनसुनवाई में ग्राम पंचायत गरेठी कार्यालय में प्रदान करने गए तो ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच सुल्तान आदिवासी उप सरपंच राजपाल सिंह, पंचायत सचिव यादव ने आवेदन वापस कर दिया। बोले कि यह आवेदन कलेक्टर को पटवारी को देना हम आवेदन नहीं लेते जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

---

## मॉक ड्रिल के माध्यम से एनडीआरएफ की टीम ने आपदा से बचाने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन अशोकनगर के तत्वाधान मे एनडीआरएफ लखनऊ टीम, अशोकनगर एसडीईआरएफ ,फायर विभाग, पी.डब्लू.डी.,जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रास की टीमों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर अशोकनगर में गुरूवार को भूकंप आपदा पर संयुक्त माँक अभ्यास किया गया।

यह मॉक अभ्यास किसी भी प्रकार की भूकंप व फायर आपदा होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य हेतु किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य घायल व चोटिल ब्यक्तियो के अमूल्य जीवन की रक्षा करना ,सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस माँक अभ्यास द्वारा



खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। इस माँक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन, एसडीईआरएफ , फायर विभाग, पी.डब्लू.डी., जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सिचाई विभाग, और रेडक्रास विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक कर इस माँक अभ्यास की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार की गई। इस माँक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ लखनऊ के सहायक कमांडेंट ए. सिकंदर एवं टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह द्वारा किया गया।

सहायक कमांडेंट ए. सिकंदर ने बताया कि आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पोंस सिस्टम को विकसित करने से इस तरह की भूकंप जैसी आपदाओ में होने वाली दुर्घटनाओ से आसानी से निपटा जा सके और समय-समय पर इस तरह के माँक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। इस माँक अभ्यास के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.स ि न्डोस्कर एवं बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव, एनडीआरएफ के टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह और निरीक्षक अजय सिंह यादव सहित 30 सदस्यी टीम एवं अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

## पोस्टमार्टम के बाद शवों को सामग्री नहीं दे रहे अस्पताल

### पीड़ितों से ही मंगाई जाती है सामग्री, समाज ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अहिरवार समाज संघ अशोकनगर ने पोस्टमार्टम उपरांत शव सुपुर्दगी में सुधार हेतु ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम उपरांत शव सुपुर्दगी के दौरान आवश्यक सामग्री उपलब्ध न होने की वजह से काली पन्नी, डिब्बे, रस्सी, नमक आदि सामग्री पीड़ति परिजनों से मंगाया जाता है। अहिरवार समाज संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधीश से मुलाकात कर पूरे जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पोस्टमार्टम हेतु आवश्यक सामग्री परिजनों से न लेकर स्वास्थ्य संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष रवि मोहने ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्दगी के दौरान उपयोग आने बाली सामग्री सभी स्वास्थ्य केंद्रों में



यह सामग्री स्वयं संघ द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। रवि मोहने ने कहा कि यह कार्य पूर्णतः सामाजिक उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है तथा आवश्यकता पड़ने पर समाज संघ भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार हेतु सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान संघ के पदाधिकारी रवि मोहने, मोहर सिंह चैधरी, मनीराम आईटीआई, गजराज सिंह, भरोसीलाल, ज्ञानी दास, दंगल सिंह, रामबली, मीडिया प्रभारी मोहन जाटव तथा एडवोकेट दुर्गेश अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## चंदेरी के चिन्हित वन संरक्षित क्षेत्र अभ्यारण घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चंदेरी के चिन्हित वन संरक्षित क्षेत्र (अभ्यारण) घोषित करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में तर्क दिया है कि चंदेरी क्षेत्र वन्य प्राणियों की विपुल संख्या के लिए भारत भर में प्रसिद्ध था, जो कि हमे इतिहास के पन्नों को देखने पर पता चलता है।

ओर वन क्षेत्र में स्थित मृढिया पहाड़ उसी समय से आयुर्वेदिक पहाड़ी (हर्बल हिल) के नाम से प्रसिध्द है। जहां पर आज भी 240 से अधिक औषधीय महत्व की प्रजातियों की जड़ी बूटी पाई जाती है। इन सभी विविधताओं एवं धरोहरों के महत्व को वन अभ्यारण्य/हेरिटेज बनाया जाना वन संरक्षण एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उपरोक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने की जाए।

### नवीन प्रस्तावित चंदेरी (उत्तर) अभ्यारण के संबंध में सामान्य जानकारी

चंदेरी क्षेत्र विगत काल में राजवंशों के अन्तर्गत शासित क्षेत्र रहा है, तथा वन्य प्राणियों की विपुल संख्या के लिए भारत भर में प्रसिद्ध था जो हमें इतिहास के पन्नों को पलट कर देखने पर पता चलता है, किन्तु आज भी यह क्षेत्र जैव विविधता एवं ऐतिहासिक धरोहर की दृष्टि से अत्यन्त महत्पूर्ण है। चंदेरी पर विभिन्न राजवंशों के शासन काल में जब आधुनिकता का दौर नहीं था, स्थानीय लोग जड़ी-बूटी पर निर्भर रहकर सेहत का ध्यान रखते थे। वन क्षेत्र में स्थित मुड़िया पहाड़ उसी समय से आयुर्वेदिक पहाड़ी (हर्बल हिल) के नाम से प्रसिद्ध है, जहां पर आज भी 240 से अधिक औषधीय महत्व की प्रजातियां पाई जाती हैं। इन सभी विविधताओं एवं धरोहरों के महत्व को वन अभ्यारण्य हेरिटेज अभ्यारण्य बनाया जाना वन संरक्षण एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। चंदेरी रेंज के अंतर्गत उत्तर दिशा में स्थित वन क्षेत्र में वन्य प्राणी अत्याधिक संख्या में पाये जाते है तथा वन क्षेत्र भी अत्यंत घना है चंदेरी क्षेत्र पूर्व से वन एवं वन्य प्राणियों की दृष्टि से अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र (अभ्यारण) घोषित करने के संबंध में शासन को अधिसूचना हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये गये है।

#### अभ्यारण घोषित करने के उद्देश्य

वन एवं वन्य प्राणियों को सुरक्षा प्रदाय करना। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना।ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षण प्रदान करना। स्थानीय जनता को रोजगार के अवसर प्रदाय करना। क्षेत्र को राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चिन्हांकित करना। चन्देरी वन मण्डल का नाम सामान्य वनमण्डल, अशोकनगर। वन परिक्षेत्र- चंदेरी (उत्तर) वन्य जीव कन्जर्वेशन का नाम चंदेरी (उत्तर) क्षेत्रफल 15847.645 हैक्टेयर या 158.47 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला हुआ है।

---

### मुंगावली जैन समाज के निर्विरोध चुनाव में रूपेश जैन अध्यक्ष

**मुंगावली।** दिगम्बर जैन पंचायत के चुनाव में बुधवार को नाम वापसी के अंतिम दिवस वरिष्ठ लोगो की एक बैठक में कई लोगों ने अपने नामांकन वापिस लिए ओर सहमति से अध्यक्ष व सहमंत्री को चुना। आपको बता दे कि कोषाध्यक्ष पद के लिए राहुल जैन सराफ का फार्म आया था अन्य किसी भी जन ने कोषाध्यक्ष पद के लिए फार्म जमा नही किया,जिससे प्रक्रिया के पहले ही दिन राहुल का कोषाध्यक्ष बनना तय हो गया था। कल रात हुई बैठक के बाद दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष पद पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रूपेश जैन को निर्विरोध चुना गया तो वहीं सहमंत्री सुबोध जैन ओर कोषाध्यक्ष पद के लिए राहुल जैन सराफ को निर्विरोध चुना गया। वही अब उपाध्यक्ष,महामंत्री ओर आडिटर के पद पर चुनाव संपन्न होगा। जिसका मतदान 14 दिसंबर को किया जाएगा। इस समय दिगम्बर जैन पंचायत की नवीन कार्यकारणी के लिए चुनाव संपन्न कराए जा रहे है,चुनाव प्रक्रिया के समस्त कार्य अरुण जैन, धर्मेंद्र शिक्षक, व मुकेश जैन करा रहे है। जिसमें 6 पदों के साथ 11 सदस्यों के चुनाव होना तय है जिसमें तीन पदों ओर सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हो चुका है। उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र भगत व अभिषेक सिंघई,महामंत्री पद के लिए राजीव भगत व शशांक सिंघई तो आडिटर पद के लिए संजीव जैन ओर शुभांशु सिंघई के बीच चुनाव होना है।



---

## एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले की विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर (अ.जा.) की अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद अशोकनगर के सभाकक्ष में अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र 032 के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए,विधानसभा प्रभारियों तथा बी.एल.ओ. सुपरवाईजरों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में उपस्थित राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों को ईआरओ, एईआरओ द्वारा वर्तमान में प्रचलित विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत विधानसभा की जानकारी दी। जिसमें कुल मतदाता 223410, गणना पत्रकों का डिजीटाईजेशन 211761, यूईएफ मतदाता 11649, कोई मैपिंग नहीं 3870 दर्ज की



जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी विस्तृत निर्देशों को पढ़कर सुनाया और राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों से अपील की गई कि आप अपने-अपने बीएलए को क्षेत्रीय बीएलओ से समन्वय कर उनके मतदान केन्द्र में कुल दर्ज मतदाता, मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता व अनुपस्थित मतदाताओं की सूची प्राप्त कर उसका अवलोकन कर ले। किसी मतदाता की जानकारी में संशोधन करना हो तो निर्धारित समय से पूर्व सूचित इस कार्यालय को सूचित करें ।

बैठक में एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा राजनैतिक पदाधिकारियों को बताया कि ऐसे मतदाता जिनकी वर्ष 2003 की स्वयं या परिवारजनों की जानकारी बी.एल.ओ. को प्राप्त नहीं हुई ऐसे मतदाताओं को अभी बी.एल.ओ. द्वारा नो मैपिंग में दर्ज किया है जिन्हे 16 दिसम्बर 2025 से दिनांक 07 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जावेगें। जिनके जबाब में मतदाता द्वारा आयोग से निर्धारित कुल 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कर लिया जावेगा। सभी राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रवार संख्यात्मक सूचीयां प्रदान की गई।